Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to expedite the laying of gas pipeline from Jagdishpur to Haldia in Aurangabad Parliamentary Constituency, Bihar.

श्री सुशील कुमार सिंह (औरंगाबाद): अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से अपने संसदीय क्षेत्र के विकास का एक महत्वपूर्ण विषय सदन के सामने रखना चाहता हूं ।…(व्यवधान) महोदय, जगदीशपुर से हल्दिया गैस पाइपलाइन बिछाई जा रही है जिसके माध्यम से खाना बनाने वाली गैस को घरों की रसोई तक पहुंचाया जाएगा ।…(व्यवधान)

मैं आपके माध्यम से सरकार से यह कहना चाहता हूँ कि 27 फरवरी, 2019 को एक कार्यक्रम का शिलान्यास हुआ ।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : अधीर रंजन जी, क्या आप बोलना चाहते हैं?

…(व्यवधान)

श्री सुशील कुमार सिंह: इसमें तेल मंत्रालय के अधिकारियों ने जनता के सामने यह आश्वासन दिया कि डेढ़ साल के अंदर, 18 महीने के अंदर औरंगाबाद जिला मुख्यालय शहर में हर घर की रसोई तक पाइपलाइन के माध्यम से गैस पहुंचा दी जाएगी ।…(व्यवधान) लेकिन जब इस काम में देर हुई, तो मैंने गैस अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड को पत्र लिखा ।…(व्यवधान) गेल की तरफ से जो मुझे जवाब दिया गया है, उसमें यह जवाब है कि उन लोगों ने इसका ठेका इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन को दे दिया है ।…(व्यवधान)